## खबर संक्षेप

### शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**मण्डला।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में एनएसएस एवं ओजस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की भूमिका से अवगत कराना तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना रहा। पंजीयन अभियान के अंतर्गत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन में पात्र छात्र-छात्राओं से मतदाता फॉर्म भरवाए गए, जिससे उनका नाम आगामी निर्वाचनों के लिए मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारा महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भव्य रंगोली का निर्माण किया। रंगोली में उकेरे गए आकर्षक रंगों एवं प्रेरणादायक स्लोगनों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों से अनिवार्य रूप से मतदान करने की भावुक अपील की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं सुनिश्चित मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

### आंगनवाड़ी केंद्र सिमरिया में जागरूकता अभियान संपन्न

**मण्डला।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिला बाल विकास परियोजना नैनपुर के सेक्टर जहरमऊ के आंगनवाड़ी केंद्र सिमरिया में कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को यौन उत्पीड़न की परिभाषा, शिकायत की प्रक्रिया, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, गोपनीयता के प्रावधान तथा अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाले संरक्षण की जानकारी सरल भाषा में दी गई। किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में महिलाएं बिना भय के शिकायत दर्ज करा सकती हैं। सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त कार्य, वातावरण प्रत्येक महिला का अधिकार है और इसके लिए सभी को संवेदनशील एवं जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए। जागरूकता अभियान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

**पानी निकासी की जगह पर करेंगे अतिक्रमण फिर प्रशासन को कोसेंगे**

# कलेक्ट्रेट कॉलोनी में अतिक्रमण चरम पर





*** राजस्व विभाग एवं नगरपालिका प्रशासन को देना होगा ध्यान।**

हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला

नगर के मध्य में स्थित कलेक्ट्रेट कॉलोनी जहां एक आवासीय कॉलोनी है इसके बावजूद सबसे ज्यादा व्यवसायिक गतिविधियाँ इसी कॉलोनी में संचालित हो रही हैं इस कॉलोनी में जहां नर्सिंग होम है, स्वास्थ्य से जुड़े हुये अन्य प्रतिष्ठान है, रोजगार कार्यालय है, रेस्टोरेंट है, बैंक है, कोचिंग इंस्टीट्यूट है और भी बहुत से व्यवसायिक प्रतिष्ठान है। यही कारण है कि इस कॉलोनी की जमींन की कीमत आसमान छू रही है और यहां जिनके प्लाट हैं उन्होंने निर्माण के दौरान न केवल अतिक्रमण को बढ़ावा दिया बल्कि आज की स्थिति तो और भी खतरनाक होती जा रही है कारण है कि पहले तो जमींन पर ही अतिक्रमण किया जाता रहा अब तो पानी निकासी के स्थान को भी नहीं छोड़ा जा रहा ऐसे में बरसात के समय जब जल भराव होगा तब फिर यहां के निवासी किसे दोष देंगे।

निश्चित रूप से फिर रहवासी शासन-प्रशासन को ही कोसेंगे और झक मारकर प्रशासन को इसके लिये कोई व्यवस्था करना होगी।

### क्या है मामला

कलेक्ट्रेट कॉलोनी के वे निवासी जिन्होंने अपना आवास पूरी ईमानदारी से बनवाया है कहने का आशय कि जिसकी जितनी जमींन उसी सीमा के अंदर तय मापदण्ड के आधार पर निर्माण कराया गया लेकिन अब ऐसा होता नजर नहीं आ रहा जिसे जहां थोड़ी सी भी जगह दिखाई दे रही है वह अपना पक्का निर्माण करने को तत्पर नजर आ रहा है।

इन दिनों एक निर्माण कार्य काफी चर्चा में है जिसके बारे में स्थानीय लोग बताते हैं कि निर्माणकर्ता द्वारा न केवल सामने की जमींन पर पक्का निर्माण कराया गया है बल्कि बिजली के खम्बे को भी अपने अधिकार क्षेत्र में कर लिया गया है। इसके साथ-साथ पीछे जो नाला है उसके ऊपर भी कब्जा करते हुये पक्की छत ढाली जा रही है ऐसी स्थिति में जब पानी निकासी की किल्लत होगी तो फिर शासन-प्रशासन क्या करेगा?

इस तरह के निर्माण से न तो कोई सफाई कर्मी वहां आसानी से प्रवेश कर पायेगा और न ही किसी तरह की मशीन को ही ले जाना सुविधाजनक होगा ऐसे में आने वाले समय में गंभीर स्थिति निर्मित होने वाली है जिसकी आधारशिला इन्हीं अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा रखी जा रही है।

कुछ व्यक्तियों की अतिक्रमण की चाहत पूरे कॉलोनीवासियों के लिये नासूर बनने जा रही है इसका जिम्मेदार किसे ठहराया जाये और आने वाले समय में जबकि प्रशासन को ही सबसे ज्यादा मुसीबत होनी है तो फिर प्रशासन पहले से ही इस तरह की गतिविधियों पर क्यों नहीं लगाम लगाता।

### किस बात की देते एनओसी

किसी भी तरह के निर्माण के लिये स्थानीय प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होता है और जिन नियमों के तहत यह अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है इनका पालन करना निर्माणकर्ताओं के लिये आवश्यक होता है लेकिन ऐसा हो नहीं रहा और यही कारण है कि बेतरतीब निर्माण के चलते पूरा शहर अस्त-व्यस्त है। अन्य मौसम में तो ठीक लेकिन बारिश में जिस तरह लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है और फिर हाय-तौबा मचती है आनन-फानन में प्रशासन को ही विशेष प्रयास करने होते हैं और कोसा भी प्रशासन को ही जाता है सरकार अलग बदनाम होती है।

जिस समय निर्माण प्रारंभ रहता है उस समय संबंधित जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी क्या कर रहे होते हैं क्या उनके द्वारा निर्माण कार्य की निगरानी या उसकी जानकारी ली जाती है या फिर ले-देकर मामला सेट कर लिया जाता है। निर्माण के दौरान ही यदि संबंधित अधिकारी, कर्मचारी इस तरह की अव्यवस्थाओं को दुरूस्त कर लें तो निश्चित रूप से आने वाले समय में सभी को परेशानी से बचाया जा सकता है और समय-समय पर इस तरह की कॉलोनियों की विधिवत जांच आवश्यक की जानी चाहिये ताकि ज्ञात हो सके कि कौन नियमों की अनदेखी कर रहा है और किसके कारण शासन-प्रशासन बदनाम होता है।



## वैक्सीन लगने से नवजात शिशु की मौत से सनसनी



*** बच्चे के परिजनों ने की जांच की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला/भुआबिछिया

भुआबिछिया के स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 10 के निवासी किरण चौधरी के डेढ़ माह के बच्चे को वैक्सीन लगने से मौत हो गई, वही जानकारी के मुताबिक वैक्सीन लगने के बाद बच्चों का शरीर धीरे-धीरे नीला पड़ने लगा और बच्चे की मौत हो गई।

जानकारी अनुसार पुलिस थाना बिछिया अंतर्गत स्वामी विवेकानंद वार्ड नंबर 10 जंतीपुर के एक परिवार में एक नवजात शिशु को वैक्सीन लगने के बाद बुखार आया फिर कुछ समय के बाद उस बच्चे की मौत हो गई बच्चा 1 माह 26 दिन का बताया गया मासूम बालक की मौत हो गई कल ही इस मासूम को बीमारी से बचाने के लिए टीका लगाया गया था, देर रात बच्चे को बुखार आया अल सुबह 4 बजे जब बालक कोई हल चल किया तो बच्चे को परिजनो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया लाया गया जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया, बच्चे के परिजन को इंजेक्शन के बाद बुखार और फिर मौत के बाद की शंका पर पुलिस के द्वारा बच्चे का पोस्ट मार्टम करा के शव को परिजन को सौंप दिया गया है। बच्चे की माँ रितु चौधरी पिता किरण चौधरी का कहना है कि इस मामले की जांच होनी चाहिए और जो भी अधिकारी कर्मचारी दोषी हो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।

### नगर पालिका उपचुनाव के लिए किया गया ईवीएम का रेंडमाईजेशन...

**मण्डला।** नगरीय निकाय मण्डला के वार्ड क्रमांक 8 के लिए उपचुनाव संपन्न कराये जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार को ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, निर्वाचन अधीक्षक श्री चैतन्य कुमार तिवारी, श्री अरूण कुशवाहा सहित संबंधित मौजूद रहे।

## उच्च न्यायालय के आदेश के बाद बीईओ नारायणगंज का सौंपा गया प्रभार


हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला

माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) मण्डला द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणगंज के प्रभार को लेकर नया आदेश जारी किया गया है।

पूर्व में कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) मण्डला के आदेश दिनांक 17 जून 2025 के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबलिया में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंगौर को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणगंज का संपूर्ण वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार सौंपा गया था। किंतु आयुक्त, आदिवासी विकास भोपाल के पत्र दिनांक 26 जून 2020 के निर्देशों के पालन में उक्त आदेश को 23 जून 2025 को निरस्त कर दिया गया था।




इस निरस्तीकरण आदेश के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में विभिन्न रिट याचिकाएं दायर की गई थीं। माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 17 नवम्बर 2025 को पारित निर्णय में यह स्पष्ट किया गया कि याचिकाकर्ता वरिष्ठता के आधार पर पात्र नहीं हैं तथा शासन के परिपत्र दिनांक 26 जून 2020 के अनुसार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का प्रभार वरिष्ठ कर्मचारी को ही सौंपा जाना आवश्यक है। परिणामस्वरूप संबंधित सभी याचिकाएं निरस्त कर दी गईं। न्यायालय के अंतिम आदेश के पश्चात अब राजेश कुमार विश्वकर्मा, मूल पद व्याख्याता एवं वर्तमान में उच्च पद प्रभार प्राचार्य, हाई स्कूल नारायणगंज, जिला मण्डला को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणगंज का संपूर्ण प्रभार अस्थायी रूप से सौंपा गया है। उक्त आदेश को कलेक्टर द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।



## 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक बीएसवीपी का सिकल सेल एनीमिया रोकथाम और रक्तदान पर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला

**सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक सिकल सेल एनीमिया रोकथाम को लेकर और रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।**

सिकल सेल एनीमिया की समस्या हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला और डिंडोरी में आम बात हो गई है। सिकल सेल एनीमिया के रोक थाम को लेकर जितना प्रयास करना चाहिए अभी उस परिस्थिति में नहीं हो रहा है आज यह बीमारी के रोकथाम को लेकर जमीनी स्तर पर प्रयास होना चाहिए।

कुछ दिनों पूर्व 28 नवंबर और 7 दिसंबर को अलग-अलग स्थानों पर दो शिविर आयोजित किए इस शिविर में केवल कुछ लोगों की ही जांच करवाया गया मंडला महाराजपुर पोंड़ी में 114 लोगों की जांच हुई जिसमें 34 लोगों की वाहक मरीज होने की पुष्टि हुई ठीक उसी प्रकार बिछिया में 7 दिसंबर को जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 107 लोगों की जांच हुई तथा जिसमें से 33 वाहक मरीजों की पुष्टि हुई तथा पांच धारक मरीजों की पुष्टि हुई।

इसके पूर्व भी अनेकों शिविर आयोजित किए गए जिसमें सैकड़ो की संख्या में सिकल सेल एनीमिया मरीजों की पुष्टि लगातार होते आ रही है। इस प्रकार के मरीजों की लगातार इतनी बड़ी संख्या में पुष्टि होना एक ही बात का संकेत देती है कि अभी भी हमारा जिला जागरूक नहीं हैं।

जिले की जनसंख्या के आधार पर अभी भी सिकल सेल एनीमिया की जांच करने में असमर्थ हैं कारण यही है कि अभी ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं जहां तक हमें पहुंचना चाहिए।

जांच के पश्चात ठीक प्रकार से काउंसलिंग होना भी अति आवश्यक होना चाहिए ताकि नए-नए लोगों की जांच कराने में सफल हो सके।

**कार्यवाही** | **बिना लायसेंस अधिक दामों पर बेची जा रही थी यूरिया।**

# अवैध रूप से खाद्य भण्डारण पर कार्यवाही

*** अवैध खाद्य का विक्रय किसानों के साथ खिलवाड़।**

हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला



**विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत दिव्या किराना एंड जनरल स्टोर में उर्वरक एवं बीज का अवैध भंडारण और विक्रय किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। कृषि विभाग को मिली शिकायत के आधार पर गठित टीम द्वारा जब दुकान की जांच की गई, तो बिना लाइसेंस खाद और बीज का कारोबार किया जाना पाया गया।**

जानकारी के अनुसार उक्त जनरल स्टोर के संचालक राकेश कुमार साहू बिना किसी वैध अनुमति के उर्वरक और बीज की बिक्री कर रहे थे, जो कृषि अधिनियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। कृषि विभाग की टीम के दुकान पर पहुंचते ही राकेश साहू किराना स्टोर पर ताला लगाकर मौके से फरार हो गए। नारायणगंज स्थित राकेश साहू के प्रतिष्ठान के गोदाम में भी यूरिया पाए जाने पर कृषि विभाग ने संबंधित कमरे को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण किया जा रहा था। इसके बाद कृषि विभाग की टीम द्वारा राकेश साहू के पैतृक ग्राम में भी कार्रवाई की गई, जहां अवैध रूप से भंडारित 54 बोरी यूरिया जप्त की गई। विभाग द्वारा जिस कमरे में यूरिया रखा गया था, उसे सील कर दिया गया है। जप्त सामग्री के संबंध में आगे की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है। जांच दल में डीडीए अश्वनी झरिया, एसडीओ निवास अरविंद वर्मा, एसएडीओ नारायणगंज प्रीति लोवंशी तथा एईओ उपस्थित रहे। टीम द्वारा मौके पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन कर आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी राकेश साहू को विभागीय कार्रवाई की पूर्व जानकारी मिलने की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि राकेश साहू के एक रिश्तेदार कृषि विभाग में पदस्थ हैं, जिसके चलते समय-समय पर उन्हें संभावित जांच या कार्रवाई की सूचना मिलती रही और अब तक बचाव किया जाता रहा। हालांकि इस संबंध में विभागीय स्तर पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यदि जांच में इस प्रकार की मिलीभगत या सूचना लीक होने की पुष्टि होती है, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से खाद और बीज का विक्रय किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ है, इससे फसल उत्पादन और गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफ आई आर की जा चुकी है एवं नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही उर्वरक व बीज की खरीद करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें।

## अवैध शराब के साथ सेंट्रो कार जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला




पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारीयो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव द्वारा गठित टीम आज द्वारा दिनांक 20.12.2025 को बड़ी कार्रवाई की गई।

थाना महाराजपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार अवैध शराब लेकर घंसौर की ओर से आ रही है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की गई। इसी दौरान सेंट्रो कार क्रमांक MH 02 BT 7221 को रोकने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर वाहन रोका गया।

वाहन में सवार एक व्यक्ति भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा व्यक्ति चालक सीट पर मौजूद था। गवाहों की उपस्थिति में विधिवत तलाशी पंचनामा की कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपी में पंकज कुमार परते, पिता सुद्धुलाल परते, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम हर्राटीकर, थाना मोहगांव, जिला मंडला। हिमेश ठाकुर, पिता विजयकिशोर ठाकुर, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मुगदरा, थाना बम्हनी, जिला मंडला शामिल है पुलिस द्वारा जो समान की जप्ती की गई उसमें कुल शराबः 61 लीटर 800 एमएल, कुल कीमतः 39,100/-, सेंट्रो कार क्र.MH 02 BT 7221 (अनुमानित कीमत 1,50,000/-) शामिल है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना महाराजपुर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर दहशत फैलाने के दौरान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये की जा रही गस्त के दौरान मुखबिर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली की नगर की बाहूबलली होटल के पास बल्लभ मार्केट में एक युवक अपने हाथ में तेज धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर जब पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो एक युवक अपने हाथ में चाकू लिये हुये घूम रहा था। इस युवक को पुलिस द्वारा नाकेबंदी करते हुये पकड़कर जब पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम नीलेश उर्फ रज्जू पिता नारायण उर्फ गुड्डा कुर्मी उम्र 21 साल निवासी बल्लभ मार्केट के सामने राजीव वार्ड का होना बताया। पुलिस द्वारा आरोपी के पास से तेज धारदार बकानुमा चाकू जप्त करते हुये धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरफ्तार किया गया।

### मिक्कू मासाब का निधन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय विजय कालोनी निवासी व सेवा निवृत शिक्षक हर प्रसाद सिंह चौहान (मिक्कू मासाब) का बीते हुये दिवस 95 वर्ष की आयु उपरांत निधन हो गया। ज्ञात हो कि वह दारा सिंह चौहान के पिताश्री व तिलकराज व अजय चौहान के दादा थे। स्व. चौहान की शव यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### श्री ममार का स्वर्गवास



हरिभूमि न्यूज/चीचली। समीपस्थ ग्राम चांदनखेड़ा निवासी ममार परिवार के वरिष्ठ सदस्य मूलचंद सिंह ममार का बीते हुये दिवस निधन होने के चलते जहां संपूर्ण गांव में शोक का महौल देखने मिला। ज्ञात हो कि वह अजमेर सिंह ममार के बडे भाई व दिलावर, डालचंद ममार के पिताश्री थें। स्व. ममार की शव यात्रा में चांदनखेड़ा सहित आसपास के अनेक गांवों के लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### मारपीट करते हुये बाइक में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम नांदनेर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने खेत की लेवलिंग का काम कर रहा था कि उसी समय नीतेश किरार फोन पर बताया कि छोटी बनखेडी गांव के अंदर नीतेश अपने दोस्त हर्षित के साथ दुकान पर समान लेने गया था तो गांव का भैया जी गूजर द्वारा हर्षित को गंदी गंदी गालिया देने लगा जब हर्षित ने गाली देने से मनाया किया तो भैया जी ने डंडे से हर्षित के साथ मारपीट की गई। नीतेश ने बीचबचाव किया तो भैयाजी गूजर का भाई राममिलन गूजर ने हर्षित के साथ मारपीट की गई। इतने मे मोहल्ले का दीपक किरार अपने भाई शैलेश उर्फ शिल्लू किरार के साथ आया और दोनो ने नीतेश के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही हर्षित के पिता शिवनारायण शर्मा और नीलेश धाकड और बीच बचाव का प्रयास किया तो उनके साथ गांव के दो अन्य लोग फूलसिंह किरार और शंकर किरार ने मारपीट की गई। वही ड्रायवर राजकुमार के साथ फूलसिंह किरार ने मारपीट की गई तथा मोटर साईकिल में तोड़फोड़ करते हुये क्षति पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### चीचली की यातायात व्यवस्था हुई भगवान भरोसे, मुख्य सड़कों पर वाहन मालिकों का कब्जा

चीचली। इस समय जिस प्रकार से नगर पंचायत चीचली की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है उसके सुधार को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसका परिणाम है।

# एक साल पहले सुधारी गई कोठिया सड़क हो गई बदहाल, किसानों के ट्रेक्टर ट्राली निकलने की बात तो दूर मोटर साईकिल निकलना हो रहा मुश्किल...







हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा सड़को के नाम पर हर साल करोड़ो रूपया खर्च करते हुये ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के प्रयास करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर सड़क विभाग से जुडे हुये अधिकारियों की उदासीनता कही जावे या फिर निर्माण करने वाली एजेन्सी से मिली भगत का परिणाम जिसके चलते गांव गांव बनाई जा रही सड़क चंद दिनों की मेहमान साबित होने से नही चूक रही है। क्योंकि निर्माण के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के चलते सड़को का निर्माण कार्य जिस गुणवत्ता के साथ किया जाता है कि वह अपना पहला जन्म दिन मनाने में तक सफल नही हो पा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय कोठिया रोड़ की देखने मिल रही है। कहने के लिये तो इस सड़क का सुधार कार्य एक साल पहले यानि की इसी दिसम्बर माह में हुआ था। दूसरा दिसम्बर माह आने के पहले इस सड़की दुर्दशा खुद ही अपने अपने सुधार की गुणवत्ता को बताने से नही चूक रही है। यह सड़क इस तरह बदहाल हो चुकी है कि क्षेत्र के किसानों के ट्रेक्टर ट्राली निकलना तो दूर मोटर साईकिले निकाले के दौरान भी ग्रामीणों को दहशत में देखा जाने लगा है। इस समय चल रहे कृषि कार्यो के दौरान सड़क में जहां तहां निकले हुये गड्डो के चलते जहां आये दिन ट्रेक्टर ट्रालियों को पलटते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है...। इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी क्षेत्र के जिम्मेदारों की चुप्पी इस तरह महसूस होने लगी है कि मानों सड़क निर्माण की गुणवत्ता में उनकी भी बराबरी की सोझआई रही होगी...? समीपस्थ जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लिलवानी से कोठिया के बीच बनी हुई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पूर्णरूप से बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। वैसे भी देखा जावे तो प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 4.7 किलो मीटर लम्बी इस सड़क के निर्माण को अभी अधिक लम्बा समय नही बीता है। मगर यह सड़क अपने निर्माण के मात्र तीन साबन ही देख पाई थी और जहां तहां से टूटने के चलते बीते हुये साल यानि की दिसम्बर 2024 में कोठिया से लेकर लिलवानी के बीच सुधार कार्य किया गया था। मगर सुधार कार्य के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता के चलते पूरा एक साल का समय भी नही निकल पाया है और सड़क अनेक जगहों से इस तरह टूट चुकी है कि लोगों के बडे वाहन निकलने की बात तो दूर छोटे वाहन निकालना भी मुश्किल होते हुये देखा जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश की सत्ता में बैठी हुई सरकारों द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के नाम पर गांव गांव सड़क बनाते हुये जिस सोच के चलते खर्ज की जा रही है। मगर उस सोच को विभाग में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा खुद ही ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है...? अनेक जगहों पर तो गड्डो की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि वह मौत का कुंआ साबित होने से नही चूक रहे है। इस तरह वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुये निकलने के लिये मजबूर देखे जा रहे है। इस तरह बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी ग्राम लिलवानी कोठिया मार्ग के निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से पुनः गुहार लगाई जाने लगी है। यदि समय रहते हुये इस सड़क में सुधार कार्य नही हुआ तो निश्चित तौर से इस सड़क पर बड़ बड़ी घटनाये घटित होना दिखाई देने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?




## वोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने किया शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

आने वाले फरवरी माह में वोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियाँ शुरू कर दी गई है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या ने नगर के शास आदर्श उमा विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होने मुख्य रूप से वोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को ध्यान में रखते हुये कक्षा 10वी में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं से चर्चा की गई। वही कक्षा 10वी में पढ़ाने वाले शिक्षकों से भी परीक्षा की तैयारी के लिहाज से कैसे पढ़ाते है और खुद के सामने ही अध्ययापन कार्य को संपन्न कराते हुये देखा गया। वही निर्देश देते हुये कहा कि बच्चों को प्रतिदिन कुछ प्रश्न दिए जाए और दूसरे दिन उनसे लिखवा कर जांच करते हुये उनकी परीक्षा की तैयारियों का निरीक्षण किया जावे। वही उन्होंने कहा कि कमजोर विद्यार्थियों के स्तर को सुधारने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जावे जिससे परीक्षा का परिणाम अच्छा आना चाहिये।

## जल संचय अभियान के तहत ढाना की ऊमर नदी में किया बोरियों का बंधान




हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।

जल संचय अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में विभिन्न ग्रामों की नदियों, झरनों व नालों में बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ढाना की ऊमर नदी में 180 बोरियों का बंधान किया गया। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में परिषद से जुड़ी समिति, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों, परामर्शदाताओं सहित नागरिकों की सहभागिता से किया जा रहा है। बताया जाता है कि विकास खंड चीचली में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के तत्वाधान में ग्राम ढाना की ऊमर नदी में निकट 180 बोरियों का बंधान बनाया गया। इस कार्य में परिषद की विकास खण्ड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया के अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, सचिव, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका, पाठ्यक्रम के परामर्शदाता सहित अन्य नागरिक मौजूद थे। इस संबंध में बताया जाता है कि जल संचय अभियान 15 नम्बर से 31 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नदियों, झरनों आदि में बोरी बंधान करने का कार्य किया जा रहा है, बहते जल को संग्रहण करके उसका सदुपयोग हो सके।

## चंद मिनिट का इंतजार करने के जगह अपनी जान जोखिम में डालते हुये पार की जा रही रेल्वे लाईन, किशोरों में पड़ रहा इसका विपरीत असर




हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। सरकार द्वारा रेल्वे लाईनों को पार करने के लिये जहां तहां रेल्वे गेंट लगाते हुये उन्हें खोलने व बंद करने के लिये अपनी कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, जिससे किसी भी ट्रेन के आने के पहले वह रेल्वे गेंटों को बंद करते हुये लोगों को इस बात के लिये सचेत कर सके कि वह रेल पटरी को पार न करे। मगर इसके बाद भी देखा जाता है कि पढ़े लिखे हुये लोगों को रेल्वे गेंट बंद रहने के बाद भी वह अपने वाहनों सहित रेल्वे गेटों के नीचे से वाहन निकालते हुये देखे जाते है निश्चित तौर इस तरह की हरकत खुद की जिन्दगी को खतरे में डालने के साथ युवा पीढ़ी को भी इस प्रकार से नियम विरूद्व कार्य करने के लिये प्रेरित करने से नही चूक रहे है? चंद मिनिट रूकने की जगह उनके द्वारा की जाने वाली यह हरकत निश्चित तौर से रेल प्रशासन के नियमों के विपरित होने के साथ साथ कुछ की जिन्दगी को खतरे में डालते हुये देखी जा रही है। इस बात की सच्चाई आये दिन गाडरवारा करेली के राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर पड़ने वाले मनकवारा रेल्वे गेट पर आये दिन देखने मिली है। बताया जाता है कि जब ट्रेन आने के कुछ मिनिट पूर्व रेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा यहां की रेल पटरियों को पार करने से रोकने के लिये गेट को बंद कर दिया जाता है। उस दौरान अनेक जागरूक माने जाने वाले पढ़े लिखे लोगों द्वारा जिस तरह अपनी मोटर साईकिलों को गेट के नीचे से निकलते हुये देखा जाता है उससे उनकी जिन्दगी तो खतरे में पड़ ही रही है साथ ही साथ उनके द्वारा शासन के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये की जाने वाली इस हरकत का निश्चित तौर से युवा पीढ़ी पर भी बुरा असर पड़ने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि जब युवा वर्ग समझदार माने जाने वाले अपने अभिभावकों व वरिष्ठजनों की इस हरकत तो देखते हुये उन्हें बंद रेल्वे गेट के बाद भी अपने वाहनों सहित पटरी पार करते हुये देखते है तो उनके दिलों में इस प्रकार से नियमों की धज्जियाँ उड़ाने की प्रेरणा घर कर जाती है और वह भी इसी प्रकार की कार्य प्रणाली को अपनाने से नही चूकते है जो एक दिन बड़ी घटना के रूप में सामने आती है? इस प्रकार से बंद रेल्वे गेट को अपने वाहनों सहित पार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होना चाहिये तभी लोगों द्वारा रेल विभाग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाने वालों की इन हरकतों पर अंकुश लग पायेगा?

## वल्लभ मार्केट के पास से अज्ञात चोर ने पार की युवक की मोटर साईकिल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



नगर में वाहन चोरी करने वालों के हौसले इतने बुलंद आ रहे है कि वह चंद मिनिटों के अंदर ही लोगों के वाहन गायब करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के बल्लभ मार्केट में उस समय देखने मिली जब अज्ञात चोरों द्वारा चंद मिनिटों के अंदर उसकी बाइक पार कर दी। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के जगदीश वार्ड निासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि वह बल्लभ मार्केट स्थित जियो कंपनी के आफिस में काम करता है। बीते हुये दिवस अपनी मोसा. क्र. MP49MS5548 टीवीएस अपाचे 160 आरटीआर व्हाइट कलर की आफिस के सामने खड़ी करके अंदर आफिस में चला गया और जब उसने बाहर आया देखा तो प्रार्थी की मोसा. क्र. MP49MS5548 गायब मिली। इस तरह प्रार्थी द्वारा आसपास खोजबीन करने के बाद भी किसी तरह से कोई पता नही चलने से यह स्पष्ट हो गया कि किसी ने उसकी मोटर साईकिल चोरी कर ली गई। इसी के चलते प्रार्थी द्वारा घटना की शिकायत पुलिस थाने में किये जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते जांच में लिया गया है।

## हम तो मरेंगे ही सनम मगर तुम को भी ले डूबेंगे....?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जहां एक ओर इस समय सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की गति पर अंकुश न लगने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होना आम बात होती चली जा रही है। मगर वही कुछ वाहन चालकों द्वारा देखा जाता है कि वह इस प्रकार की लापरवाही का परिचय देते है जिसके चलते वह खुद की जिन्दगी को तो खतरे में डालते ही है साथ ही साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे से डालने से नही चूकते है। इस सच्चाई को देखते हुये लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि भैया हम तो मरेगे ही सनम मगर तुम को भी ले डूबेगे....? मगर इस प्रकार से मनमानी करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले इतने बुलंद रहते है कि वह आये दिन मुख्य मार्गो से जिस प्रकार से वाहन चलाते समय लापरवाही का परिचय देते हुए देखे जाते है उससे पुलिस की उदासीनता को खुला प्रमाण दिखाई देते हुए जान पड़ता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा सांईखेड़ा मार्ग पर उस समय देखने मिली जब एक युवक अपने स्वयं के स्वार्थो को ध्यान में रखते हुए खुलेआम अपनी जिन्दगी को तो खतरे में डाल ही रहा था वही दूसरी ओर दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे में डालते हुए यातायात नियमों की धडल्ले से धज्जियाँ उड़ाई जा रही थी? बताया जाता है कि स्टैट स्तर के हाईवे माने जाने वाले मार्ग गाडरवारा सांईखेड़ा के बीच एक स्कूटी पर सवार युवक अपने साथ रखे हुए कुर्सियों पर इस प्रकार से बैठा हुआ था कि उसके बैठने के कारण यदि उसका वाहन अनियंत्रित हो जाता था तो इस हरकत के चलते खुद की जिन्दगी को तो खतरा पैदा होता ही साथ ही साथ दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था? इस प्रकार के दृश्य को देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूके कि यह सब पुलिस प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है जिसके चलते लोग इस प्रकार से आये दिन मुख्य मार्गो पर यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए दिखाई देते रहते है और पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही क रता है।

## शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कल्याणपुर स्कूल के बच्चों ने कृषि विश्व विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखा

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।



शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले बच्चों के अंदर जिज्ञासाओं के समाधान के तहत हर साल किसी पर्याटक स्थल व उद्योग क्षेत्रों के भ्रमण कराने के लिये राशि प्रदान की जाती है। मगर इस राशि से कुछ स्कूलों द्वारा अपनी संस्था के बच्चों को आसपास के खेतों या फिर पास के जंगलों का भ्रमण कराते हुये औपचारिकताये पूर्ण करा ली जाती है। मगर कुछ संस्थाओं द्वारा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि का सही उपयोग करते हुये अपनी संस्था के बच्चों को इस तरह के स्थानों का भ्रमण कराया जाता है जहां पर बच्चों को कुछ सिखने या फिर भविष्य में उपयोगी साबित हो सुके। कुछ इसी प्रकार से जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कल्याणुपर शासकीय उ मा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपनी संस्था के बच्चों को जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कराते हुये एक अनोखी मिशाल दी गई है। बताया जाता है कि कल्याणपुर स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को बीते हुये दिवस शैक्षणिक भ्रमण के चलते जबलपुर जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कराया गया। इस दौरान कुलपति डॉक्टर पी के मिश्रा ने छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों से परिचित कराया एवं कहा कि जो भी यहां आया है वो कुछ अनुभव लेकर घर जाये। क्योंकि उन अनुभवों को पालको एवं कृषको को बतलाए साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय भ्रमण हेतु फॉरेस्ट्री विभाग के डीन डॉक्टर एस बी अग्रवाल से परिचित कराया एवं उनके मार्गदर्शन में वानकी विभाग में छात्र-छात्राओं की कांफ्रेंस आयोजित करते हुये जरूरी जानकारियाँ प्रदान की गई। बताया जाता है कि इस दौरान कल्याणपुर संस्था के प्राचार्य ओम प्रकाश कौरव ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति पीके मिश्रा विभाग प्रमुख उद्यानिकी एस बी अग्रवाल एवं बहुत से रिसर्च स्कॉलरों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के चलते आभार व्यक्त किया। इस भ्रमण में छात्रा छात्राओं के साथ संस्था के वरिष्ठ शिक्षक शिवदास चढ़ार, मनीष नेमा, योगेश कौरव, शैलजा ताम्रकार, नमन शर्मा रोहित कौरव मनीष पटले शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### धान परिवहन न होने से अटका किसानों का भुगतान

**अनूपपुर।** विन्ध्य विकास प्राधिकरण पूर्व उपाध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि अनूपपुर जिले में शासन की नीति व निर्देशानुसार 1 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर विभिन्न केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है, किन्तु धान खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन नहीं किया जा रहा है, जिससे बारह बारह हजार क्विंटल धान का अम्बार खरीदी केन्द्र में खुले आसमान के नीचे पड़ा है। भाजपा नेता श्री गुप्ता ने कहा खरीदी केन्द्रों से धान परिवहन न होने से हजारों किसान धान भुगतान से वंचित हैं। यह व्यवस्था किसानों को हतोत्साहित कर रहा है, जिसके कारण ही किसान मजबूरी में बिचौलियों या बाजार में धान बेचने को मजबूर होते हैं, जिससे उनका आर्थिक शोषण होता है, भाजपा नेता श्री गुप्ता ने जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि तत्काल धान परिवहन के लिए विशेष अभियान तथा पहल करें जिससे किसानों को समय पर विक्रय की गई धान का भुगतान हो सके। अनूपपुर जिले में परिवहन व्यवस्था चौपट है, प्रशासन मूक दर्शक बना है जिससे किसानों का आर्थिक व मानसिक शोषण जारी है।

### कड़ाके की ठंड ने धीमी की जिंदगी की 'रफ्तार'

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोगों को कोहरे का सामना भी करना पड़ रहा है। शनिवार सुबह पूरा जिला घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। पिछले दो दिनों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। क्षेत्र में न्यूनतम तापमान गिरने से ठंड का प्रकोप बढ़ा है। सूर्य देवता के दर्शन सुबह करीब 10 बजे हुए। ठंडी हवाओं ने लोगों को अपने घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। पड़ रही ठंड से बाजारों से रौनक गायब रही। घने कोहरे के कारण ट्रेन एवं बसे देरी से चली। हालांकि, इस मौसम को फसलों के लिए अच्छा माना जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार तेज ठंड के साथ पड़ रही धुंध रबी फसलों के लिए संजीवनी साबित होगी। कोहरे व सर्दी से गेहूं व सरसों की फसलों को लाभ होना निश्चित है। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद एक बार फिर पहाड़ों पर बर्फबारी होने और उत्तरी हवाएं चलने के कारण ठिठुरन बढ़ गई। अगले हफ्ते से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दिसंबर अंत में कड़ाके की ठंड के साथ शीतलहर चलने की संभावना है। पूरे जिले में दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला नजर आ रहा है। सुबह जिला घने कोहरे की चादर में डूबा हुआ नजर आता है। शनिवार को सुबह इतना घना कोहरा छाया हुआ था कि 5 मीटर की दृश्यता नजर ही नही आ रही थी। लो विजिबिलिटी के करण वाहन चालक धीमी गति से वाहन की हेडलाइट जलाकर वाहन चला रहे थे। यह नजारा सुबह दस बजे तक बना रहा वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वालो को भी सड़क नजर नही आ रही थी। सुबह 11 बजे सूर्य भगवान के दर्शन हुए और धूप निकली जिससे लोगों को कुछ हद तक ठंड से राहत का अहसास हुआ लेकिन शीत लहर चलने के कारण ठंड मे कमी नहीं आई। लोग ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते नजर आये वहीं कुछ लोग कूडा कागज पुट्ठे जलाकर ठंड से बचते नजर आये। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठाते देखा गया जहां बच्चे घने कोहरे के बीच ठंड से कपकपाते स्कूल जाते नजर आए वही स्कूली बच चालकों को घने कोहरे के कारण वाहन चलाने से परेशानी का सामना करना पडा जिसके कारण बसें भी देरी से स्कूल पहुंची। अभिभावक घने कोहरे एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए कलेक्टर से स्कूलों की छुट्टी करने की मांग कर रहे हैं। अगले चार दिनों तक तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि देखने को मिलेगी। इस दौरान घना कोहरा भी छा सकता है। साथ ही ठंड का असर भी तेज होगा।

संदीपनी स्कूल के बच्चों की सुरक्षा पर संकट

# नेशनल हाईवे पर छुट्टी के समय जान जोखिम में, अभिभावकों में रोष

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी



मोहतरा स्थित संदीपनी स्कूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नेशनल हाईवे से सटे इस विद्यालय में छुट्टी के समय बच्चों को सुरक्षित सड़क पार कराने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। छुट्टी के बाद शिक्षक व कर्मचारी विद्यालय से रवाना हो जाते हैं, जिसके चलते छोटे-छोटे बच्चों को तेज रफ्तार वाहनों के बीच स्वयं ही हाईवे पार करना पड़ता है।नेशनल हाईवे पर दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हाल ही में इसी स्थान पर एक परिक्रमार्थी को तेज़ रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी, जिसने यहां की लापरवाह व्यवस्था को उजागर कर दिया है।

इस स्थिति को लेकर अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में गहरी चिंता के साथ आक्रोश भी देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही स्कूल छुट्टी के समय ट्रैफिक पुलिस की तैनाती, सुरक्षित क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतक नहीं लगाए गए, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नेशनल हाईवे से लगे स्कूल के सामने तत्काल प्रभाव से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जाएं, ताकि बच्चों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# करंजिया अंचल में हाड़ कंपा देने वाली ठंड से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज करंजिया



विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित आसपास के अंचलों में दिन-रात पड़ रही भीषण ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। विशेषकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में ठंड का असर अधिक देखा जा रहा है। कड़ाके की ठंड के चलते लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है और सुबह की शुरुआत देर से हो रही है।अमरकंटक के निकट स्थित होने के कारण करंजिया क्षेत्र में हर वर्ष अधिक ठंड का असर रहता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस बार ठंड ने सभी वर्ग के लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। गर्म कपड़े पहनने के बावजूद राहत नहीं मिल पा रही है और लोग आग जलाकर अथवा अलाव तापते नजर आ रहे हैं। लगातार गिरते तापमान और सर्द हवाओं ने आमजन की रफ्तार को धीमा कर दिया है। दिन के समय भी ठंड का असर बना हुआ है, जबकि रात होते ही कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। पहाड़ी और वनांचल इलाकों में चौबीसों घंटे ठंड का प्रभाव महसूस किया जा रहा है। शीतलहर के कारण लोग शॉल, स्वेटर, जैकेट और मफलर पहनकर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। किसानों का कहना है कि पाला गिरने की स्थिति में दलहनी और सब्जी की फसलों को नुकसान हो सकता है। ठंड बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। सर्दी, जुकाम, बुखार और सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ठंड के चलते बाजारों में देर शाम सूनापन छा जाता है और हाईवे व संपर्क मार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी कम हो गई है। लोग आवश्यक कार्य शीघ्र निपटाकर घर लौटने को प्राथमिकता दे रहे हैं।इधर, कस्बावासियों ने ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए मुख्य चौराहों, पंचायत भवन, मंडी परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि अब तक प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे लोगों में नाराजगी है। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही है, जिनके पास ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं।

# हजारों श्रद्धालुओं के साथ कथा वाचक कौशिक महाराज नर्मदा परिक्रमा पर





**अमरकंटक से डिंडोरी पहुँचा परिक्रमा दल, डैम घाट पर किए माँ नर्मदा के दर्शन**

**डिंडोरी।** प्रसिद्ध कथा वाचक कौशिक महाराज इन दिनों हजारों श्रद्धालुओं के साथ माँ नर्मदा की पवित्र परिक्रमा पर निकले हुए हैं। परिक्रमा के क्रम में श्रद्धालुओं का विशाल जत्था अमरकंटक से होते हुए डिंडोरी पहुँचा, जहाँ डैम घाट पर श्रद्धा और भक्ति के साथ माँ नर्मदा के दर्शन एवं पूजन किए गए।घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ नर्मदा की भव्य आरती संपन्न हुई, इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। "नर्मदे हर" के जयकारों से संपूर्ण घाट क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।इस अवसर पर कौशिक महाराज ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा आत्मशुद्धि के साथ-साथ सेवा, संयम और प्रकृति संरक्षण का मार्ग है। उन्होंने माँ नर्मदा की स्वच्छता एवं संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए यातायात पुलिस एवं कोतवाली पुलिस द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए गए। पुलिस बल ने यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखी, भीड़ नियंत्रण किया और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी।स्थानीय नागरिकों व सामाजिक संगठनों द्वारा परिक्रमार्थियों के लिए पेयजल, भोजन की व्यवस्थाएँ की गईं। डिंडोरी प्रवास के पश्चात परिक्रमा दल मंडला के लिए रवाना हो गया।

जबलपुर–अमरकंटक नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# बरखेड़ा गांव के पास बेलगाम कार ने बाइक सवारों को कुचला, 1 की मौत, 2 गंभीर घायल



**डिण्डौरी।** जिले के जबलपुर–अमरकंटक नेशनल हाईवे पर बरखेड़ा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक तेज गति में था और नियंत्रण खो बैठा, जिससे बाइक सवार उसकी चपेट में आ गए। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एवं 112 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान घायल राजेन्द्र कछवाहा की हालत बिगड़ गई और अस्पताल में उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए नेशनल हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और यातायात सामान्य कराया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।

## शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सुशासन दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



अमरपुर।

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अनिल कुशराम ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि भारत के पूर्व. प्रधानमंत्री स्व. श्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस सप्ताह के रूप में मनाएं जाने एवं उनके उद्देश्यों की जानकारी प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. सुनील काकोड़िया ने अपने वक्तव्य में कहा कि सुशासन दिवस का उद्देश्य देश में शासन एवं प्रशासन की कार्यशैली, सरकारी योजनाओं आदि में पारदर्शिता और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में जनता को जागरूक होना चाहिए। इसी प्रकार प्रत्येक परिवारों के सदस्यों को भी सुशासित एवं पारिवारिक नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे व्यक्ति स्वयं की एवं परिवार की उन्नति में सहायक होना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण

### पर्कोलेशन टैंक की गुणवत्ता खराब, उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश

डिंडोरी



ख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने डिंडोरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत विदयपुर, हिनौता एवं जुनवानी का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री आरईएस ललित वैद्य, परियोजना अधिकारी मनरेगा प्रदीप कुमार शुक्ल, जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद कुमार ओझा, सहायक यंत्री एवं मनरेगा के उपयंत्री उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत विदयपुर के ग्राम खाम्ही रैयत में मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्मित पर्कोलेशन टैंक एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए सार्वजनिक तालाब का अवलोकन किया गया। सार्वजनिक तालाब में जल भराव पाए जाने पर जल संरक्षण एवं जल स्तर संवर्धन के प्रयासों की सराहना की गई, जबकि पर्कोलेशन टैंक में बंड निर्माण की पिचिंग गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उपयंत्री रविंद्र भाजीपाले को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सहायक यंत्री और उपयंत्री को कार्य की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए।ग्राम पंचायत हिनौता में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निर्माणाधीन खेत तालाबों में श्रमिक नियोजन न होने और कार्य अपूर्ण पाए जाने पर संबंधित उपयंत्री को तत्काल मस्टर रोल जारी कर प्रतिदिन कार्य प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।



ग्राम पंचायत जुनवानी में प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान अंतर्गत आयोजित सर्वे शिविर का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सर्वे दल को निर्देश दिए कि कोई भी मजरा, टोला अथवा परिवार सर्वे से वंचित न रहे। सभी प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर समय-सीमा में सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर सर्वे की प्रगति की जानकारी भी ली गई।जुनवानी के ग्राम खुरपार स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने शिक्षकों को पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण में मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार वितरित नहीं पाए जाने पर संबंधित स्व-सहायता समूह को नोटिस जारी कर कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम खुरपार के ग्रामीणों द्वारा जल संकट की जानकारी दिए जाने पर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दो दिवस में जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधूरे सीसी रोड निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराने, मनरेगा के माध्यम से किसानों को खेत तालाब का लाभ देने तथा स्थायी जल संकट समाधान के लिए सार्वजनिक तालाब के लिए स्थल चिन्हांकन कर सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए गए।

### राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश सम्मेलन कोतमा में आज

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर में आज राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रांतीय सम्मेलन मंगल भवन, ठाकुर बाबा धाम, कोतमा में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। जहां प्रदेश भर के पत्रकार शामिल होगे जिसकी तैयारी पूर्ण का ली गई हैं। श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं प्रवक्ता भगवानदास मिश्रा ने बताया कि प्रदेश सम्मेलन में प्रदेश, संभाग व जिला इकाई के पत्रकार साथी बड़ी संख्या में शामिल होगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल होंगे। अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के महंत स्वामी रामभूषण दासजी महाराज, सांसद हिमाद्री सिंह शहडोल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह, विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, संभागायुक्त सुरभि गुप्ता, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, डीएफओ तरुण वर्मा, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई, नगर पालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष पसान राम अवध सिंह, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष पत्रकार डॉ सुनील चौरसिया, नगर परिषद डोला की अध्यक्ष रेणु

# ई-फाईलिंग अब होगा अधिवक्ताओं के लिये आसान



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल, जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर के मार्गदर्शन में 20 दिसम्बर को सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत ई-फाईलिंग, ई-सर्टिफाईट कॉपी, कोर्ट फीस के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायाधीश पवन कुमार शंखवार के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला न्यायाधीश द्वारा सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत लोक सेवा केंद्र राजेन्द्रग्राम, एमपी ऑनलाईन एवं सीएससी सेंटर को ई-फाईलिंग/ई-सर्टिफाईट कॉपी के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें जिला न्यायाधीश के द्वारा वर्तमान में ई-फाईलिंग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लोक सेवा केन्द्र से रामायण प्रसाद द्विवेदी, निलेश कुमार द्विवेदी, बिरेन्द्र सिंह श्याम, भारत सिंह धुर्वे, नारायण सिंह धुर्वे, गंगा सिंह मरावी, बीरभान सिंह धुर्वे, रत्नेश चंद्रवंशी, विदेह परस्ते नायब नाजिर, बसंत राठौर, अशोक कुमार उइके, जमूना प्रसाद ग्रेड-3 ओमप्रकश धुर्वे सहा. असिस्टेंड, उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार गर्ग आईटी अस्सिटेंट राजेन्द्रग्राम के ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत ई-फाईलिंग/ई-सर्टिफाईट कॉपी के बारे में विस्तृत रूप से पीपीटी एवं सॉफटवेयर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

# एसडीएम ने ग्राम चांडा के छात्रावासों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** शनिवार को एसडीएम रामबाबू देवांगन ने ग्राम चांडा में स्थित दो बालक छात्रावास एवं दो कन्या छात्रावासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीनियर कन्या छात्रावास में टॉयलेट एवं सेप्टिक टैंक भर जाने से उत्पन्न समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। इस हेतु नगरपालिका डिंडोरी को सेप्टिक टैंक खाली करने वाली गाड़ी तत्काल भेजने के निर्देश जारी किए गए।इसी क्रम में सीनियर बालक छात्रावास में 100 सीटों के विरुद्ध लगातार 50 से कम उपस्थिति पाए जाने पर अधीक्षक द्वारा आवश्यक प्रयास नहीं किए जाने को लेकर नोटिस जारी किया गया। साथ ही इस संबंध में प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में स्वच्छता, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा छात्र उपस्थिति में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# मृत्युंजय आश्रम में लगातार 20 सालों से प्रतिदिन खिलाया जा रहा निःशुल्क भोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। युगावतार परम पूज्य संत श्रीमंत परमहंस परिब्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रहानिष्ठ श्री स्वामी एकरसानन्द जी महाराज ने सर्वभूत हिते रताः को साकार करते हुये दैवी सम्पद् मण्डल के उन्नयन एवं विकास हेतु मैकल पर्वत अमरकंटक में माॅ नर्मदा के उद्गम स्थल में परम पूज्य महाराज श्री स्वामी एकरसानन्द जी महाराज ने अपने इष्टदेव मृत्युंजय भगवान के नाम से मृत्युंजय आश्रम की स्थापना की।**

आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्र निर्माण के अनुपम केन्द्र इस आश्रम में नित्य प्रार्थना, विश्वेश्वर भगवान की रूद्राभिषेक, सत्संग, प्रवचन, भगवती नर्मदा की आरती, नर्मदाष्टक तथा शिवमहिम्न स्त्रोत का सामूहिक पाठ होता है। निर्धन छात्रों के आवास एवं भोजन व्यवस्था के साथ ही गौसेवा पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं। अनेक सेवा कार्यो के साथ ही परिक्रमावासियों की सेवा में आश्रम अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मृत्युंजय आश्रम आश्रम मे साल के 365 दिन विगत 20 वर्षो से प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा परिक्रमावासी एवं तीर्थयात्रियों को भोजन परोस कर खिलाया जाता है। आश्रम के संत, महात्माओं के द्वारा निःस्वार्थ ढंग से अनवरत प्रतिदिन यह पुण्य का काम किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में नर्मदा नदी का विशेष महत्व है। मध्य भारत में नर्मदा नदी जन-जन की आस्था से जुडी हुई है। नर्मदा मध्य भारत के मध्य प्रदेश और गुजरात राज्य में बहने वाली एक प्रमुख नदी है। यह भारत की पांचवी बड़ी नदी है। महाकाल पर्वत के अमरकंटक शिखर से निकली 1310 किलोमीटर लंबी नर्मदा नदी देश में एक मात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। नर्मदा परिक्रमा किसी भी तीर्थ यात्रा की तुलना में अत्यंत दुश्कर कार्य है। जीवन में सुख- शांति पाने लिए नर्मदा की परिक्रमा करते हैं जिसका मार्ग अत्यंत सुंदर पहाड़ों और मैदानी इलाकों से होकर जाता है। पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरिहरानंद जी महाराज के सानिध्य मे द्वारा मिशाल कायम करते हुये विपरीत परिस्थितियों मे भी विगत बीस सालो से लगातार प्रतिदिन 500 से ज्यादा परिक्रमावासी एवं तीर्थयात्रियों को भोजन परोस कर खिलाया जाता है जो सराहनीय होने के साथ ही अत्यंत पुण्य का काम है। नर्मदा परिक्रमा के दौरान मृत्युंजय आश्रम परिक्रमावासियों को निःशुल्क भोजन और रहने की व्यवस्था प्रदान करती है, जो इस आध्यात्मिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे उनकी यात्रा सुगम और आध्यात्मिक बन सके।

### कोरोना काल मे भी निभाई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

ज्ञात हो कि कोरोना काल मे भी स्वामी श्री हरिहरानंद जी महाराज के सानिध्य मे मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक द्वारा जनसेवा की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों की पूरे मन से सेवा करते हुये निःशुल्क भोजन व ठहरने की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराई थी। कोरोना जैसी गंभीर समय मे भी यहां के सेवाभावियों ने जान की परवाह किये बिना जनसेवा मे अनवरत लगे रहे। तब श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों समेत शासन प्रशासन ने भी इनके सराहनीय कार्य पर साधुवाद दिया था।

### 26 सौ किलो मीटर की परिक्रमा

नर्मदा जी की कुल लम्बाई तो लगभग 1310 किलोमीटर है जिससे परिक्रमा मार्ग करीब 2600 किलोमीटर का हुआ करता है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम रोजगार सहायक लिघारी की सेवा समाप्ति का आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक एनजीएनआरईजीएस जिला पंचायत नरसिंहपुर ने वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर आयुक्त मप्र राज गारंटी परिषद भोपाल के पत्र में मार्ग दर्शिका के बिंदु क्रमांक 6 अनुशासन एवं नियंत्रण के उप बिंदु 6.6 के अनुसार ग्राम पंचायत मुर्गाखेड़ा (वर्तमान पदस्थापना लिघारी) में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक राम मिलन पटेल की संविदा सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है।
उल्लेखनीय है कि ग्राम रोजगार सहायक राम मिलन पटेल द्वारा ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितता एवं पदीय दायित्व का उल्लंघन करने पर उनकी संविदा सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है।

### खेल महोत्सव अंतर्गत हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**सिवनी**, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत लोकसभा बालाघाट-सिवनी की लोकसभा स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसम्बर को विकासखंड बरघाट, जिला सिवनी में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सांसद व पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. ढॉलसिंह बिसेन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं खेल संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।
प्रतियोगिता में बालिका और पुरुष वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले हुए, जिनमें बरघाट और सिवनी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। बालिका वर्ग में 45 किग्रा में कुमकुम (बरघाट), 50 किग्रा में गुलाबवती (सिवनी), 53 किग्रा में प्रतिज्ञा (बरघाट), 57 किग्रा में शीतल (बरघाट), 62 किग्रा में आशा नारबोदे (बालाघाट) तथा 72 किग्रा में माही परते (परसवाड़ा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 45 किग्रा में योगेश कुतराहे (परसवाड़ा), 50 किग्रा में सतीष नागवंशी (बालाघाट), 57 किग्रा में चैन कुमार उइके (सिवनी), 61 किग्रा में करन काकोड़िया (सिवनी), 65 किग्रा में संत कुमार सैय्याम (सिवनी), 70 किग्रा में शिव शंकर कावरे (सिवनी), 74 किग्रा में योगेश बिसेन (बरघाट), 86 किग्रा में खुशहाल चंद्रहास (सिवनी) और 92 किग्रा में आशीष नगपुर (बालाघाट) विजेता रहे। 92 किग्रा से अधिक भार वर्ग में नियाज खान को विजयी घोषित किया गया। आयोजन में नगर पालिका परिषद बरघाट, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग का सहयोग रहा। मुख्य निर्णायक आसिफ पहलवान, प्रकाश पहलवान और घनश्याम सोनवाने रहे। मंच संचालन संदीप मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे ने किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को 23 दिसम्बर 2025 को सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर मुलना स्टेडियम, बालाघाट में सम्मानित किया जाएगा।

### मिल प्रबंधन पर लगाए आरोप, धरने पर बैठे किसान

# किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम, रखी मांग






**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कृषि प्रधान जिले के किसानों की स्थिति काफी दयनीय बनी हुई। किसान आए दिन किसी ना किसी समस्याओं से सामना करता नजर आ रहा है। किसानों की समस्याओं की ओर किसी अधिकारी व नेताओं द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। ऐसा ही एक ओर कारनामा सामने आया जिसमें किसानों द्वारा शनिवार को अपनी मांगों को लेकर धरना प्रारंभ कर दिया।

#### आखिर कब होगा किसानों की समस्याओं का समाधान

**जिले के करेली में स्टेट हाईवे-22 पर करेली शुगर मिल के पास गन्ने से लदी ट्रालियों की लंबी कतारों के कारण लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों के जाम के कारण कई घंटों तक जाम कि स्थिति बनी रही और यात्रियों को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।**

#### मामला इस प्रकार

किसानों द्वारा बताया गया कि गन्ना तुलाई में शुगर मिल द्वारा देरी की जा रही है। जाम के कारण पिछले तीन दिनों से अपनी ट्रालियों के साथ लाइन में फंसे किसान आक्रोशित दिखे। किसानों ने बताया कि शुगर मिल में गन्ने की तुलाई में देरी हो रही है, जिससे उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे किसानों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। जबकि नियमानुसार प्रशासन के समक्ष तय हुई शर्तो के आधार पर शुगर मिल को गन्ना की तुलाई की जानी थी लेकिन मिल प्रबंधन द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है जिस कारण से परेशान होकर किसानों द्वारा धरना देकर हाईवे को जाम किया गया। उक्त जाम के कारण यात्रियों व आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालाकि बाद मे प्रशासन व मिल प्रबंधन की समझाइस के बाद किसानों द्वारा जाम को हटा दिया गया।

#### मिल प्रबंधन पर भेदभाव का आरोप

किसानों द्वारा मिल प्रबंधन पर भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मिल का अपना गन्ना या फैक्ट्री से जुड़ी ट्रालियां बिना इंतजार के खाली हो जाती हैं, जबकि किसानों को तीन-तीन दिन तक लाइन में रोका जाता है। यह भी आरोप लगाया कि शून्य किलोमीटर दूरी के बावजूद किसानों से प्रति ट्रॉली शुल्क की वसूली भी की जा रही है। किसान प्रतीक शर्मा ने मिल प्रबंधन पर भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मिल का अपना गन्ना या फैक्ट्री से जुड़ी ट्रालियां बिना इंतजार के खाली हो जाती हैं, जबकि किसानों को तीन-तीन दिन तक लाइन में रोका जाता है। शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि शून्य किलोमीटर दूरी के बावजूद किसानों से प्रति ट्रॉली 26 रुपए भाड़ा वसूला जा रहा है। किसानों ने मांग की कि फैक्ट्री से जुड़ी सभी ट्रालियों, ट्रकों और हार्वेस्टरों के लिए एक समान व्यवस्था लागू की जाए।

#### सरकार नही दे रही ध्यान

किसानों का कहना है कि गन्ने से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता है, फिर भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। जाम के दौरान सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा देरी की गई। किसानों हाइवे पर बैठे रहे लगभग दो किलोमीटर तक जाम लग जाने के बाद प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम को खुलवाया गया वही अधिकारियों को आश्वासन के बाद किसानों द्वारा हाईवे से जाम हटाया गया। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने बताया कि इस अव्यवस्था से उनकी रोजमर्रा की आवाजाही बाधित रही। प्रशासन को चाहिए की शीघ्रता से मिल प्रबंधन के साथ बैठकर किसानों की समस्याओं का समाधान निकाला जाए जिससे आगे ऐसी स्थिति निर्मित ना हो सके। अब देखना होगा कि किसानों के इस प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा क्या कदम उठाया जाता है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस श्रीमती रजनी सिंह कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई जिसमें डॉ मनीष कुमार मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ आर के चैधरी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, राधेश्याम वर्मा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-3, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी, जिला कुष्ठ अधिकारी, नोडल अधिकारी एन.सी.डी., प्रभारी अधीक्षक सिविल अस्पताल गाडरवारा, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला एम एण्ड ई., जिला एपिडेमोलॉजिस्ट, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर, जिला मीडिया अधिकारी, आर.बी.एस. के. समन्वयक, जिला क्वालिटी मॉनिटर, जिला समन्वयक टी.बी., जिला डाटा मैनेजर, आईडीएसपी, टीकाकरण, उपयंत्री एवं समस्त ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर, बी.ई.ई. एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा गभर्वती पंजीयन पर कम उपलब्धि नरसिंहपुर, साईखेडा, गोटेगांव को पूर्ण करने के निर्देश दिये, जिन शहरी क्षेत्र में जिन वार्डों में आशा कार्यकर्ता नहीं है वहां आंगनवाड़ियों से कार्य लिया जाये, गर्भवती जांच-4 पंजीयन शहरी नरसिंहपुर, गोटेगांव, साईखेडा का कम पाया गया, साईखेडा ब्लॉक में चिकित्सको की कमी के कारण डॉ. आदित्य रघुवंशी एम. डी. मेडिसन जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की ड्यूटी सिविल अस्पताल गाडरवारा में लगाने पर चर्चा हुई, एच. बी. एन. सी. गोटेगांव में उपलब्धि 83 प्रतिशत पाई गई, आर. बी. एस. के. कार्यक्रम में स्क्रीनिंग करेली ब्लॉक में शून्य पाई गई, जिले में एन. आर. सी. के पलंग वृध्दि के प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में एन. आर.सी. के लिये प्रस्तवा भेजे जाने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने किया विभिन्न स्थानों का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को करेली तहसील के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया। उन्होंने करेली के भुगवारा रोड स्थित धान खरीदी केंद्र, ग्राम तिंसरा में आंगनबाड़ी केन्द्र व सामुदायिक भवन, ग्राम सिमरिया में आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक शाला, नयाखेड़ा बासादेही में हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्राम दिल्हैरी में नवनिर्मित श्री राधा माधव गौशाला और ग्राम आमगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। धान खरीदी केन्द्र में लापरवाही व अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम तिंसरा में आंगनबाड़ी केन्द्र व सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने जीआरएस को गांव में साफ- सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। ग्राम सिमरिया में आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। नयाखेड़ा बासादेही में हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों से संवाद किया। ग्राम दिल्हैरी में नवनिर्मित श्री राधा माधव गौशाला का निरीक्षण किया। ग्राम आमगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण किया।



## तीन दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के अंतर्गत शिक्षकों में आधुनिक शिक्षण तकनीकों, समावेशी एवं समग्र दृष्टिकोण, कौशल व प्रतिभा पहचान, तकनीकी एकीकरण, तथा उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण को बढ़ावा देकर था, विद्यालयों को वास्तविक रूप में मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिले के चिन्हित पी एम श्री विद्यालयों के 85 शिक्षकों के लिए 21वीं सदी के कौशल एवं सिटीजन स्किल पर आधारित त्रिदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक डाइट नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ। डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव के नेतृत्व तथा प्रशिक्षण प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता गोविंद बड़कुर के कुशल प्रबंधन में 6 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन पी.टी. अभ्यास, समूह-कार्य, कार्यशालाएं, संवाद सत्र एवं अभिनव शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं एवं मास्टर ट्रेनर्स ललित दुबे, बलिराम अहिरवार, दीपक ठाकुर, एवं श्रीमती अर्चना कहार द्वारा विभिन्न विषयों पर विषयानुरूप, सक्रिय एवं व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डाइट प्राचार्य श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षणों का मूल उद्देश्य शिक्षकों को सशक्त, सक्षम और नवोन्मेषी बनाना है, जिससे वे विद्यार्थियों को सकारात्मकता, कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण कर सकें। प्रशिक्षु शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण को अपने व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए आश्वासन दिया कि प्राप्त ज्ञान व कौशल का अधिकतम उपयोग कर वे विद्यार्थियों को लाभान्वित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान डाइट स्टाफ से व्याख्याता संजय शर्मा, एल.एस. उप्रेलिया, आनन्द शर्मा, प्रहलाद पटेल, अरुण दीक्षित ने सक्रिय सहभागिता की गई।

## मंत्री श्री पटेल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुए शामिल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सभी खिलाड़ियों का नरसिंहपुर में स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम खेलों के साथ जीने वाले लोग हैं। गोटेगांव में कई वर्षों से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से गोटेगांव में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने की बात कही। श्री पटेल ने कहा कि हमारे यहां खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने के लिए कहा। युवा पीढ़ी को खेलों व खेल प्रतियोगिताओं में शामिल करने के लिए हम सभी को विचार करना चाहिए। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। मंत्री श्री पटेल ने श्रमिक कर्मचारियों के इलाज की बात कही। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल श्रम विभाग अंतर्गत मप्र श्रम कल्याण मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने खिलाड़ियों व कोच से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने रस्साकसी व कबड्डी खेलों का शुभारंभ कर प्रतियोगिता का लुफ्त उठाया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़ियि, विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल व विधायक गोटेगांव महेंद्र नागेश, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सहायक कल्याण आयुक्त आरपी मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, सुनील कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और खिलाड़ी मौजूद थे।

## मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश और मोटिवेशनल स्पीकर सुशील कांत भार्गव की मौजूदगी में मोटिवेशनल सेशन का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान- डाइट नरसिंहपुर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री नागेश ने शिक्षकों को विद्यार्थी हित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक का सकारात्मक दृष्टिकोण ही भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य की नींव रखता है। मोटिवेशनल स्पीकर श्री भार्गव ने सकारात्मक मानसिकता, आनंदमय जीवनशैली, सफल और सुखद जीवन के लिए श्वास, विश्वास, दृढ़ संकल्प, तारीफ और कृतज्ञता के पांच सूत्रों को सरल एवं प्रभावी उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया और इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डाइट द्वारा सुशीलकांत भार्गव का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, पीएम श्री स्कूलों के शिक्षक, डीएलएड विद्यार्थी तथा डाइट स्टाफ मौजूद था। कार्यक्रम का संचालन आनंद शर्मा व आभार गोविन्द प्रसाद बड़कुर ने किया।

# खेलों से मिलती है जीवन जीने की कला

### इमझिरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा।** जीवन में खेलों का महत्व शारिरिक विकास के लिए तो आवश्यक है ही वहीं खेल हमें जीवन जीने की कला भी सिखातें है। प्रतियोगिता में एक जीतता है तो दूसरा हारता है लेकिन जो जीतता है उसमें और आगे बढ़ने की इच्छा बलवती होती है और जो हारता है वह पुनः प्रयास करके आगे बढ़ता है। खिलाड़ी में खेल भावना हो यह अच्छे खिलाड़ी की पहचान हुआ करती है। उक्ताशय के विचार समीपी ग्राम इमझिरा में टी 20 की तर्ज पर शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित युवा नेता दीवान अर्जुन सिंह ने व्यक्त किए। उपस्थित अतिथियों के स्वागत और खिलाड़ियों से परिचय उनके अभिनंदन के उपरांत महावीर खेल ग्राउंड में हनुमान जी महाराज की पूजन अर्चन के साथ फीता काटकर शुरू हुये टूर्नामेंट में दीवान अर्जुन सिंह के साथ दीवान इंद्रजीत सिंह दीवान कृष्णपाल सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित थे। उद्घाटन मैच तेंदूखेड़ा रॉयल चैलेंजर्स और पडरिया चैंलेजर्स के मध्य खेला गया। और उद्घाटन मैच तेंदूखेड़ा ने जीता।हमारे प्रतिनिधि को आयोजन अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीम हिस्सा ले रही है। इस टूर्नामेंट में प्रतिदिन 10 ओवर के दो निर्धारित मैच खेले जाएंगे वहीं सेमीफाइनल मैच 15 ओवर का एवं फाइनल मैच 20 ओवर का खेला जाएगा। प्रतियोगिता शुभारंभ अवसर पर ग्राम से भोलेशंकर कन्हौआ कमलकांत पुरोहित सुनील रूसिया विजय पुरोहित अखिलेश शर्मा सतीश पुरोहित आशुतोष पाठक राजेश पंडा मिथिलेश छीपा तेजराम पंडा कृष्णकांत नगरिया, प्रेमसिंह ठाकुर विजय ठाकुर देवेंद्र ठाकुर साबिर खान गोलू तिवारी अनिकेत धानक लेखराम लोधी, भरत धानक अभिषेक धानक रविकांत छीपा मदन धानक सुनील सोनी रोहित मेहरा आदर्श ठाकुर शेखर धानक गोलू लोधी सानू सोनी विकास लोधी गौतम करोसिया सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी एवं समस्त सदस्य उपस्थित रहे।